पत्र संख्या- स्थां-5(ग) मा0सर्वो0न्या0आदेश /पदावनत /2015-16/ 2922 /वाणिज्यकर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्यकर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अनुभाग)

लखनऊ//दिनांक// 28 सितम्बर, 2015

## आदेश

पदोन्नति में आरक्षण एवं परिणामी ज्येष्ठता के सम्बन्ध में सिविल अपील संख्या-2608/2011 यू0पी0 पावर कारपोरेशन लि0 बनाम राजेश कुमार व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय/आदेश दिनांक 27-04-2012 का अनुपालन कराये जाने हेतु निर्गत कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-08/4/1/2002/टी सी -1-का-2/2015,दिनॉक 21-08-2015 के क्रम में उ0प्र0लोक सेवा (अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछडे वर्गो के लिए आरक्षण)अधिनियम 1994 की धारा-3(7) के प्रावधान के तहत पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देते हुए आशुलिपिक संवर्ग के कार्मिकों में दिनांक 15-11-1997 के पश्चात पदोन्नत संलग्न तालिका के स्तम्भ -3 में अंकित कार्यरत आरक्षित श्रेणी के कार्मिको का मूल वेतन उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ -7 में अंकित अनारक्षित श्रेणी के आसन्न वरिष्ठ कार्मिक को अनुमन्य मूलवेतन के बराबर निर्धारित किये जाने तथा निर्धारित मूल वेतन के आधार पर प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियों तथा इसके ठीक पूर्व के माह में प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियो के अन्तर को वैयक्तिक वेतन के रुप में आरक्षित श्रेणी के कार्मिको को अनुमन्य किये जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों / प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है :-

1- वैयक्तिक वेतन आगे के वर्षो में उस सीमा तक कम होता जायेगा जिस सीमा तक स्तम्भ -3 में अकित कार्मिको के मूल वेतन में वार्षिक वेतनवृद्धि के कारण मूल वेतन तथा वार्षिक वेतनवृद्धि तथा अन्य भत्तो सहित आधारित सकल वेतन में वृद्धि हो रही है ।

2- संलग्न तालिका केस्तम्भ -3 में अंकित कार्मिको को ठीक पहले के माह में प्राप्त कुल मासिक परिलब्धियॉ तक फ्रीज रहेगी जब तक स्तम्भ -7 में अंकित उनसे आसन्न वरिष्ठ कर्मी की परिलब्धियॉ इसके बराबर या इससें अधिक न हो जायें ।

3- संलग्न तालिका स्तम्भ -3 में अंकित कार्मिको को प्राप्त हो रही परिलब्धियों (जिसमें वैयक्तिक वेतन शामिल होगा) के आधार पर वरिष्ठताक्रम का कोई लाभ प्राप्त नही होगा ।

4- अनारक्षित वर्ग (जिन्हे पदोन्नति में आरक्षण की सुविधा अनुमन्य नही थी)के पदधारको द्वारा इस आधार पर अतिरिक्त परिलब्धियों अथवा वैयक्तिक वेतन की मांग नही की जायेगी कि वे संलग्न तालिका के स्तम्भ -3 में अंकित कर्मी से ज्येष्ठता सूची के अनुसार वरिष्ठ है ।

<u>संलग्नक:-उपरोक्तानुसार सूची ।</u>

24/09/15
(रणविजय यादव)
एडीशनलकमिश्नर (प्रशासन)वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या एव दिनांक :: उक्त</u> ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव,कर एवं निबन्धन विभाग उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ ।

JC(IT)
28-9-15

2- कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

3- एडीशनल कमिश्नर(लेखा)वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

4- एडीशनल कमिश्नर नोयडा जोन नोयडा को संलग्नक सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया संलग्न सूची में उल्लिखित नोयडा जोन से सम्बधित कार्मिको को आदेश की एक प्रति तामील कराकर तामीलीशुदा प्रति लौटती डाक से मुख्यालय को उपलब्ध कराने का क ष्ट करें।

5- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,वाणिज्य कर ,जोन फैजाबाद /इलाहाबाद /सहारनपुर /मुरादाबाद /कानपुर जोन प्रथम /द्वितीय /बरेली /वाराणसी जोन द्वितीय वाराणसी /लखनऊ जोन प्रथम /द्वितीय लखनऊ/ गोरखपुर जोन गोरखपुर को उक्त आदेश संलग्नक सहित दो प्रतियों में इस आशय से प्रेषित कि संलग्न सूची के स्तम्भ-3 में उल्लिखित अपने जोन से सम्बन्धित कार्मिक को आदेश की एक प्रति तामील कराकर तामीलीशुदा प्रति लौटती डाक से मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6- ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्य कर, फैजाबाद, इलाहाबाद, नोयडा/ सहारनपुर /मुरादाबाद /कानपुर सम्भाग ए,बी,सी,डी कानपुर /बरेली सम्भाग ए एवं बी/ मिर्जापुर/ लखनऊ सम्भाग ए,बी,सी लखनऊ गोरखपुर सम्भाग ए एवं बी गोरखपुर ।

7- आहरण एवं वितरण अधिकारी वाणिज्यकर , मुख्यालय /फैजाबाद / नोयडा/ इलाहाबाद/सहारनपुर /मुरादाबाद /कानपुर /बरेली / मिर्जापुर / लखनऊ / गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त आदेश की एक प्रति कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली एव सेवापुस्तिका में रखते हुए इसकी प्रविष्टि यथा स्थान सेवाभिलेखों में करके वेतन निर्धारण आदि की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

8- डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0)वाणिज्यकर,मुख्यालय को आदेश की एक प्रति इस आशय से प्रेषित कि कृपया इसे विभागीय बेवसाइट पर डलवाने का कष्ट करें।

9- चरित्र पंजिका सेल,स्थापना अराजपत्रित अनुभाग,वाणिज्य कर,मुख्यालय।

10- सम्बन्धित कर्मचारी को नाम से।

24-9-15

डिप्टी कमिश्नर(स्था0अराज0)वाणिज्य कर,
मुख्यालय।

पदोन्नति में आरक्षण एवं परिणामी ज्येष्ठता के संबंध में सिविल अपील सं-2608/2011,यू0पी0पावर कारपोरेशन लि0बनाम राजेश कुमार व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय / आदेश दि0-27-04-12 का अनुपालन कराये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन(कार्मिक अनुभाग-2 ) के शासनादेश संख्या-8/4/1/2002 टी0सी0-1-का-2/2015 दिनांक 21-08-2015 के परिप्रेक्ष्य में वाणिज्यकर विभाग के आशुलिपिक संवर्ग में आरक्षित श्रेणी के कार्मिकों को ज्येष्ठता सूची में आसन्न वरिष्ठ कार्मिक को प्राप्त हो रही परिलब्धियों के समान वेतन निर्धारण हेतु जारी मुख्यालय के आदेश संख्या-स्थां-5(ग) मा0सर्वो0न्या0 आदेश /पदावनत /2015-16/2122 /वाणिज्यकर दिनॉक- 28-09-2015 का संलग्नक ।

| | आरक्षित श्रेणी के कार्मिकों का विवरण | | | | अनारक्षित क्षेणी के आसन्न वरिष्ठ कार्मिको का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 स0 | ज्येष्ठता क्रमॉक | कर्मचारी का नाम एवं वर्तमान पदनाम /तैनाती सर्वश्री - | दि015-11-97 से दि027-04-12 के मध्य प्राप्त पदोन्नति का पद | पदोन्नति की तिथि | ज्येष्ठता क्रमाक | नाम सर्वश्री /श्रीमती- | पदोन्नति का पद | वर्तमान पद पर पदोन्नति की तिथि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 519 | श्री नरेन्द्र लाल वै0सहा0 ग्रेड-2,नोयडा | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 23-11-04 | 518 | श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 07-11-14 |
| 2 | 525 | श्री ओमपाल सिंह, वै0सहा0 ग्रेड-2,सहारनपुर | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 524 | श्री अनिल कुमार गुप्ता | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 08-09-10 |
| 3 | 534 | श्रीमती रेखा चौधरी वै0सहा0 ग्रेड-2,इलाहाबाद | आशुलिपिक ग्रेड-1<br>वैयक्ति सहा0ग्रे0-2 | 09-01-09<br>08-09-10 | 533 | श्री गोपाल चन्द्र शुक्ला | आशुलिपिक ग्रेड-1<br>वै0सहा0 ग्रेड-2 | 01-04-10<br>08-09-10 |
| 4 | 560 | श्री पान सिंह, वै0सहा0 ग्रेड-2मुरादाबाद | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 559 | श्री एम0के0सक्सेना | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 08-09-10 |
| 5 | 604 | श्री पूरन लाल, वै0सहा0 ग्रेड-। ,कानपुर | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 08-09-10 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 6 | 606 | श्री जगदीश प्रसाद वै0सहा0 ग्रेड-2,फैजाबाद | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 7 | 607 | श्री राम गोपाल वै0सहा0 ग्रेड-2मिर्जापुर | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 8 | 608 | श्री शीतला प्रसाद वै0सहा0 ग्रेड-2,म0का0 | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |

---2 पर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लखनऊ | | | | | | |
| 9 | 609 | श्री सियाराम<br>वै0सहा0 ग्रेड-2<br>म0का0 ,लखनऊ | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 10 | 610 | श्री शिवकरन<br>वै0सहा0 ग्रेड-2,<br>वाणिज्यकर,मुख्यालय। | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 11 | 611 | श्री छोटे लाल पुत्र श्री परमेश्वरदीन<br>वै0सहा0 ग्रेड-2<br>म0का0लखनऊ | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 12 | 612 | श्री रामस्वरुप<br>वै0सहा0 ग्रेड-2<br>म0का0,लखनऊ। | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 14-05-03 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |
| 13 | 613 | श्री अश्वनी कुंमार<br>वै0सहा0 ग्रेड-,<br>गोरखपुर। | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 08-09-10 | 603 | श्री आर0के0खरे | वै0सहा0 ग्रेड-2 | 20-02-14 |

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
लखनऊ